## पीएम-अभीम की अवधि 31 मार्च 2027 तक बढ़ी

**जयपुर।** प्रदेश में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए संचालित प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-अभीम) की अवधि केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2027 तक बढ़ा दी है। इससे योजना के तहत संचालित स्वीकृत स्वास्थ्य गतिविधियों को लगातार आगे बढ़ाया जा सकेगा।

केंद्र सरकार के निर्णय के अनुसार योजना के तहत चल रहे स्वीकृत कार्य और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी गतिविधियां जारी रहेंगी। इनका संचालन निर्धारित दिशा-निर्देशों, स्वीकृत मानकों और उपलब्ध बजट के अनुसार किया जाएगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि पीएम-अभीम को आगे जारी रखने से प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं और स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के प्रयासों को निरंतर सहयोग मिलेगा। राज्य सरकार आमजन को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने कहा कि योजना के विस्तार से स्वास्थ्य क्षेत्र में संचालित स्वीकृत गतिविधियों को निरंतर गति मिलेगी।

# एसआई भर्ती परीक्षा के खिलाफ शहीद स्मारक पर अभ्यर्थियों का धरना-प्रदर्शन

### प्रदर्शनकारियों ने परीक्षा को रद्द कर दोबारा कराने की मांग की



एसआई भर्ती परीक्षा के पेपर को आउट ऑफ पैटर्न बताते हुए अभ्यर्थियों व उनके परिजनों ने शहीद स्मारक पर धरना दिया।

■ आरपीएससी ने 20 सितंबर को हुई परीक्षा के करीब 30 प्रतिशत प्रश्नों को आउट ऑफ पैटर्न माना है, जबकि अभ्यर्थियों के अनुसार करीब 80 प्रतिशत पेपर निर्धारित पैटर्न से अलग था।

**जयपुर।** एसआई भर्ती परीक्षा के पेपर को आउट ऑफ पैटर्न बताते हुए अभ्यर्थियों और उनके परिजनों ने मंगलवार को जयपुर के शहीद स्मारक पर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने परीक्षा को रद्द कर दोबारा कराने की मांग की। अभ्यर्थियों ने कहा कि सरकार को केवल वार्ता तक सीमित नहीं रहकर इस संबंध में स्पष्ट आदेश जारी करना चाहिए। धरने के दौरान अभ्यर्थियों ने नारेबाजी करते हुए भर्ती प्रक्रिया में हुई कथित गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदारी तय करने की मांग भी उठाई।

एसआई भर्ती परीक्षा संघर्ष समिति से जुड़े सत्येंद्र राव ने दावा किया कि आरपीएससी ने 20 सितंबर को हुई परीक्षा के करीब 30 प्रतिशत प्रश्नों को आउट ऑफ पैटर्न माना है, जबकि अभ्यर्थियों के अनुसार करीब 80 प्रतिशत पेपर निर्धारित पैटर्न से अलग था। उन्होंने कहा कि यदि आयोग ने अपनी गलती मानी है तो उसका खामियाजा अभ्यर्थियों को क्यों भुगतना पड़े। अभ्यर्थियों की मांग है कि परीक्षा को निरस्त कर नए सिरे से परीक्षा आयोजित की जाए।

सत्येंद्र राव ने कहा कि हाईकोर्ट के भर्ती परीक्षा रद्द करने के बाद अभ्यर्थियों को तैयारी के लिए केवल चार महीने का समय मिला। उनका कहना है कि अभ्यर्थी करीब पांच साल से न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे में चार महीने में दोबारा तैयारी की अपेक्षा उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आरपीएससी को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए परीक्षा दोबारा आयोजित करनी चाहिए। अभ्यर्थियों ने आरपीएससी के पूर्व चेयरमैन यू. आर. साहू के पूर्व में दिए कथित बयान का भी हवाला दिया। उनके अनुसार साहू ने कहा था कि एसआई भर्ती परीक्षा का पेपर 2021 के पैटर्न पर होना चाहिए, लेकिन अभ्यर्थियों का आरोप है कि परीक्षा उस पैटर्न के अनुरूप नहीं हुई।

उनका कहना है कि भर्ती परीक्षाओं में यदि गलतियां सामने आती हैं तो जिम्मेदारी तय होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा नहीं बने। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि बार-बार भर्ती परीक्षाओं का पैटर्न बदलने से भर्ती प्रक्रिया प्रभावित होती है, देरी होती है और पद खाली रह जाते हैं। उन्होंने हाल में हुई लेक्चरर भर्ती परीक्षा का भी उदाहरण दिया। संघर्ष समिति से जुड़े अभ्यर्थी पायल, मीनाक्षी और लादूराम ने कहा कि मंगलवार को शहीद स्मारक पर धरने के साथ आंदोलन की शुरुआत की गई है।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विकास कार्यों की समीक्षा की

■ उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए की अधिकारी फील्ड में एक्टिव रहकर विकास कार्यों को गति प्रदान करवाए। बजट घोषणाओं का समय पर पूरा करवाकर आमजन को उनका लाभ समय पर दिलवाना हमारी प्राथमिकता है

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विकास कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध पूर्णता पर विशेष जोर देते हुए विकास कार्यों को तेजी प्रदान करने के निर्देश दिए हैं । उप मुख्यमंत्री मगंलवार को पीडब्ल्यूडी मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थी । उप मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिए की अधिकारी फील्ड में एक्टिव रहकर विकास कार्यों को गति प्रदान करवाए। उन्होंने ने कहा कि आमजन की मांगों को ध्यान में रखते हुए हम बजट घोषणा करते है, बजट घोषणाओं का समय पर पूरा करवाकर आमजन को उनका लाभ समय पर दिलवाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा की निर्माण कार्यों में गति एवं गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए फील्ड विजिट जरूरी है ।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य विकास कार्यों को तेज गति देना और जनता को समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। बैठक में जनसेवा और विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।

इस दौरान उन्होंने एनएच, एनएचएआई, सीआरआईएफ, आरएसआरडीसी, एक्सप्रेस वे, पीएमजीएसवाई, अटल पथ सहित विभिन्न सड़क एवं अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की । बैठक में विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता ,शासन सचिव डीआर मेघवाल ,मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव मुकेश भाटी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## विदेशी महिला पर्यटक से अभद्रता का वीडियो वायरल करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** अजमेर जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल किशनगढ़ डंपिंग यार्ड में इजरायली महिला पर्यटक के साथ अभद्रता और अश्लील टिप्पणियां करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। गांधीनगर थाना पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना के संबंध में अलग से प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में कुछ युवक इजरायली महिला पर्यटक के साथ कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते और आपत्तिजनक टिप्पणियां करते दिखाई दिए। वीडियो सामने आने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए गांधीनगर थाने के सहायक उपनिरीक्षक राजकुमार की रिपोर्ट पर पुलिस ने स्वतः संज्ञान लिया और आरोपियों की पहचान के लिए जांच शुरू की।

# रीको प्रत्यक्ष आवंटन योजना का 14वां चरण प्रारंभ

### 94 औद्योगिक क्षेत्रों में 4700 से अधिक भूखण्ड आवंटन के लिए उपलब्ध

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत निवेशकों को त्वरित, पारदर्शी एवं सरल तरीके से औद्योगिक भूखण्ड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रीको द्वारा संचालित प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 का 14वां चरण दिनांक 28 से प्रारंभ हो चुका है। इस चरण में निवेशकों के लिए प्रदेश के 94 औद्योगिक क्षेत्रों में 4700 से अधिक औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक भूखण्ड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इच्छुक निवेशक 12 अक्टुबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ई-लॉटरी 15 अक्टुबर को आयोजित की जाएगी।

राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत राज्य सरकार के साथ एमओयू करने वाले निवेशकों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। जिन निवेशकों ने अभी तक एमओयू निष्पादित नहीं किया है, वे भी ईएमडी की अंतिम तिथि तक राज्य सरकार के साथ एमओयू निष्पादित कर योजना के तहत भूखण्ड आवंटन के लिए पात्र हो सकेंगे।

इस चरण में उपलब्ध कुल भूखण्डों में से 4,116 भूखण्ड अनारक्षित श्रेणी के हैं, जबकि 27 लॉजिस्टिक भूखण्ड भी निवेशकों के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न श्रेणियों के निवेशकों के लिए भूखण्ड आरक्षित किए गए हैं जिनमें अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए 168, महिला वर्ग के लिए 167, भूतपूर्व सैनिकों के लिए 95, बेंचमार्क दिव्यांगजनों के लिए 124 तथा सशस्त्र बलों/अर्ध सैनिक बलों के मृतकों के आश्रितों के लिए 59 भूखण्ड शामिल हैं।

योजना के तहत एक भूखण्ड के लिए केवल एक आवेदन प्राप्त होने पर सीधे आवंटन किया जाएगा, जबकि एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में ई-लॉटरी के माध्यम से पारदर्शी तरीके से आवंटन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रत्यक्ष आवंटन योजना के अब तक 13 चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। इन चरणों में 2335 औद्योगिक भूखण्डों का आवंटन किया जा चुका है जिनके माध्यम से प्रदेश में 21,000 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश तथा 46,000 से अधिक लोगों के लिये रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसके अलावा 444 भूखण्डों का आवंटन वर्तमान में प्रक्रियाधीन है जिनसे 2000 करोड़ रूपये से अधिक के अतिरिक्त निवेश की संभावना है।

# स्पीकर देवनानी ने नये निवेश व उद्योगों के विस्तार पर मंथन किया



देवनानी ने नई दिल्ली के इण्डिया हैबिटेट सेंटर के गुलमोहर हॉल में कार्यशाला में सांसदों, शिक्षा जगत के विषय विशेषज्ञों को सम्बोधित किया।

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक विधान सभा और लोकसभा क्षेत्र का लोकल एम्प्लायमेंट एण्ड स्कील मैप तैयार किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देश के हर क्षेत्र की पर्यटन, कृषि प्रसंस्करण, इंजिनियरिंग, रिनिवल एनर्जी और डिजिटल व्यवस्थाएं अलग-अलग तरह की होती है। स्थानीय उद्योगों को बढावा देकर, युवाओं की सोच में बदलाव लाकर, पढाई व हाथ के काम में समन्वय का वातावरण निर्माण कर हम विकसित भारत के संकल्प को साकार कर सकते है। स्पीकर देवनानी मंगलवार को नई दिल्ली के इण्डिया हैबिटेट सेंटर के गुलमोहर हॉल में विकसित भारत 2047 के लिए भारत के रोजगार ढांचे की मजबूती विषयक कार्यशाला में सांसदों, विधायकों, उद्योग और शिक्षा जगत के विषय विशेषज्ञों को सम्बोधित कर रहे थे। समारोह में एनएफपीआरसी फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद तरुण चुघ ने स्पीकर देवनानी का स्वागत किया।

देवनानी ने कहा कि युवा शक्ति के पौरुष, मातृ शक्ति के सशक्तिकरण, श्रम, सामूहिक संकल्प, आत्मनिर्भरता और व्यवहारिक ज्ञान से ही हम नया इतिहास रचेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में रोजगार आज के रोजगार जैसा नहीं रहेगा। एआई, ऑटोमेशन, रोबोटिक्स, सेमिकंडक्टर, ग्रीन एनर्जी, बॉयोटेक्नोलॉजी, साइबर सुरक्षा और डिजिटल सेवाएं हमारी अर्थव्यवस्था की प्रकृति को बदल देंगे। इसके लिए हम सभी को रिस्कीलिंग और लाइफलांग लर्निंग के लिए निरन्तर तैयार रहना होगा।

## निकाय चुनाव में मिली करारी हार से बौखला गई है कांग्रेस : बेढम

**जयपुर ।** गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कांग्रेस चुनाव में ब्यूरोक्रेसी के दुरुपयोग के आरोपों पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस निकाय चुनावों में कारारी हार और बीजेपी की प्रचंड जीत से बौखलाई हुई है।

कांग्रेस को अपने आरोपों पर आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि यदि सरकार ब्यूरोक्रेसी का नाजायज इस्तेमाल करती और प्रशासनिक मशीनरी का अनुचित उपयोग करती, तो कांग्रेस 91 निकायों में कैसे जीतती। उन्होंने कहा कि यदि सरकार को ब्यूरोक्रेसी का दुरुपयोग ही करना होता तो सभी स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में परिणाम सुनिश्चित किए जा सकते थे। बेढम ने कहा कि लोकतंत्र में स्वच्छता, पारदर्शिता और निष्पक्षता का विशेष महत्व है।

## थार से युवक को कुचलने के मामले में तीन डॉक्टर डिटेन

**जयपुर।** जवाहर नगर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार काली थार से स्कूटी सवार युवक को कुचलने के मामले में पुलिस ने तीन डॉक्टरों को डिटेन किया है। पुलिस ने करीब 100 किलोमीटर के दायरे में 400 सीसीटीवी फुटेज खंगालकर हादसे में शामिल थार का पता लगाया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और तीनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। हादसे में गंभीर घायल हुए युवक विजय पासवान (24) की रविवार को उपचार के दौरान मौत हो गई।


जवाहर नगर थानाधिकारी सरला यादव के अनुसार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धर्मेंद्र कड़वा निवासी डीडवाना-कुचामन, यथार्थ हंस और राजेश धाकड़ निवासी चित्तौड़गढ़ को डिटेन किया है। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी डॉक्टर हैं और विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई करके लौटे हैं। हादसे के समय धर्मेंद्र के थार चलाने की जानकारी सामने आई है।

पुलिस ने हादसे के बाद घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। करीब 100 किलोमीटर के दायरे में अलग-अलग स्थानों के 400 सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। रूट मैप और कैमरों में कैद वाहन की आवाजाही के आधार पर पुलिस ने काली थार के रजिस्ट्रेशन नंबर की पहचान की। इसके बाद पुलिस टीम ने सालासर से राजेश धाकड़ और यथार्थ को डिटेन किया। दोनों की निशानदेही पर धर्मेंद्र को थाने बुलाकर डिटेन किया गया। पुलिस ने हादसे में इस्तेमाल काली थार भी जब्त कर ली है।

हादसा 22 सितंबर की रात करीब 12:30 बजे राजापार्क के उदय मार्ग चौराहे पर हुआ था। मूल रूप से उत्तर प्रदेश निवासी विजय करीब तीन साल पहले जयपुर आया था। वह आदर्श नगर स्थित चिकन हंट में काम करता था और वहीं रहता था।

# संपत्ति विवाद ने लिया खूनी मोड़: छोटे भाई ने बड़े भाई को चाकू से मार डाला

■ मुरली बगानी ने पहले डंडे से मारपीट की और संभलने से पहले ही चाकू से हमला कर दिया। गंभीर हालत में श्याम को एसएमएस अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया



आरोपी मुरली बगानी

**जयपुर।** बनी पार्क थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह पैतृक संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की चाकू से हमला कर हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार सुबह करीब 7 से 7.30 बजे राम पार्क के सामने हुई। घर से मंदिर जाने के लिए स्कूटी से निकले श्याम बगानी (65) को उनके छोटे भाई मुरली बगानी (58) ने रास्ते में रोक लिया। पहले डंडे से मारपीट की और संभलने से पहले ही चाकू से हमला कर दिया। गंभीर हालत में श्याम को एसएमएस अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेकर आरोपी मुरली को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

बनी पार्क थाना अधिकारी सुरेश यादव ने बताया कि श्याम बगानी संत कंवर राम पार्क के पीछे सिंधी कॉलोनी में रहते थे। जो मंगलवार सुबह मंदिर जाने के लिए घर से निकले थे। घर से करीब 300 मीटर दूर राम पार्क के सामने मुरली ने उन्हें रोक लिया। अचानक हुए हमले में श्याम गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों भाइयों के बीच पैतृक संपत्ति में हिस्से को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था।

पुलिस के अनुसार बड़े भाई की ओर से संपत्ति में हिस्सा नहीं दिए जाने को लेकर दोनों के बीच विवाद था। पुलिस इसी विवाद को हत्या की प्राथमिक वजह मानकर जांच कर रही है। हालांकि घटना से जुड़े अन्य पहलुओं को भी जांच में शामिल किया गया है।

थानाधिकारी ने बताया कि श्याम तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। सबसे बड़े भाई प्रकाश बगानी थे, जिनका वर्ष 2014 में अमेरिका में निधन हो गया था। तीसरे भाई मुरली बगानी हैं, जो हत्या के मामले में आरोपी है। श्याम फिलहाल परिवार के साथ घर पर रहते थे। उनका बेटा चिराग बगानी ऑनलाइन काम करता है।

थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी मुरली बगानी करीब 24 साल अमेरिका में रहा। वह बेलीज़ सिटी सेंट्रल अमेरिका में रहता था। उसकी पत्नी और बच्चे अभी अमेरिका में ही हैं। कारोबार में घाटा होने के बाद वह करीब 11 महीने पहले जयपुर लौटा था। फिलहाल वह सीकर रोड स्थित शेखावाटी नगर में रह रहा था।

पुलिस के अनुसार अमेरिका जाने से पहले भी मुरली के खिलाफ जयपुर के महिला थाना उत्तर में दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज था। इसी मामले में छह सितंबर को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जेल से बाहर आने के बाद पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर उसका बड़े भाई श्याम से विवाद चल रहा था।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हत्या में इस्तेमाल हथियार सहित अन्य साक्ष्यों के संबंध में जांच की जा रही है। पुलिस घटना के पीछे संपत्ति विवाद के अलावा अन्य संभावित कारणों की भी पड़ताल कर रही है।

## इजराइल के राजदूत फारेस सैब जयपुर पहुंचे

**जयपुर।** इजराइल के राजदूत फारेस सैब ने जयपुर में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत से मुलाकात की। मंत्री रावत ने राजदूत का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जल संचय, सिंचाई, जल संरक्षण और जल संवर्धन के क्षेत्र में भारत और इजराइल के बीच तकनीकी सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में राजस्थान में जल उपलब्धता बढ़ाने और सीमित जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन को लेकर इजराइल की आधुनिक तकनीकों एवं नवाचारों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने जल संरक्षण, सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा कृषि क्षेत्र में पानी के प्रभावी उपयोग से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। इजराइल ने कृषि और सिंचाई के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक तथा नवाचार के माध्यम से उल्लेखनीय प्रगति की है।

## सार-समाचार

### डीएलएसए मेट्रो का श्रमिकों के हितार्थ आमेर में कैंप आयोजित



**जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आज 29 सितंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा नाई की थड़ी, जयसिंहपुरा खोर पुलिस चौकी, आमेर में श्रम कार्ड एवं आधार रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का उद्घाटन पल्लवी शर्मा, सचिव (अतिरिक्त जिला न्यायाधीश) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय, धर्मवीर सिंह रूलानिया, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम 8 जयपुर महानगर द्वितीय व वैभव सोनी, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम 9 जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कैम्प में श्रम विभाग से अनुपम गौतम, श्रम निरीक्षक, सीएससी विभाग से कन्हैया योगी जिला समन्वयक तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा सहयोग किया गया। कैम्प में ट्रेड यूनियन से ओम प्रकाश एवं एक्शन एड एनजीओ से मूलचंद का भी विशेष सहयोग रहा। कैम्प में आए कुल 216 लोगों को नालसा व रालसा द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों हेतु चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### शुभम क्लब में साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित



**जयपुर ।** शुभम क्लब जयपुर की ओर से सीसीआर में 'साइबर सुरक्षा' जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को बढ़ते साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक करना और डिजिटल लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी देना था। क्लब की अध्यक्ष प्राची अग्रवाल, सचिव राशि गाडिया एवं पूरी शुभम क्लब टीम के नेतृत्व में आयोजित सत्र में पुलिस मुख्यालय की साइबर क्राइम एक्सपर्ट टीम ने साइबर अपराधों से बचाव को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उप पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, रविकांत शर्मा, रवि एवं विशाल ने साइबर फ्रॉड के विभिन्न तरीकों, ऑनलाइन ठगी से बचने के उपायों, सतर्कता एवं डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी जरूरी सावधानियों के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को साइबर अपराधों की पहचान और उनसे बचाव के आसान एवं प्रभावी तरीकों से भी अवगत कराया गया। सत्र को और भी रोचक एवं उपयोगी बनाने के लिए ऑडियंस के साथ प्रश्न-उत्तर का इंटरैक्टिव सेशन रखा गया, जिसमें सदस्यों ने अपने सवाल पूछे और विशेषज्ञों ने उनके व्यावहारिक समाधान बताए।

### उर्स में जायरीनों का सैलाब उमड़ा



**जयपुर।** संसार चंद्र रोड स्थित दरगाह मीर कुर्बान अली में हजरत अनवार उर रहमान नियाजी रहमतुल्लाह अलैह के दो दिन से चल रहे उर्स का देर रात कुल की रस्म के साथ समापन हुआ।दो दिनों में पहले दिन कुरआन ख्वानी,मिलाद शरीफ के अलावा देर रात तक महफिल ए समां चली,दूसरे दिन में कुल के रस्म अदा की गई,शाम को चादरें पेश की गई,देर रात कव्वाली की महफिल सजी जिसमें देश के प्रसिद्ध कव्वालो ने अपने बेहतरीन कलाम पेश कर वाहवाही लूटी।सज्जादा नशीन डॉ सैय्यद हबीबुर्रहमान नियाज़ी ने कहा कि हज़रत अनवार उर रहमान नियाजी बिस्मिल रह.का इस साल 81वाँ उर्स मनाया गया जिसमें सैकड़ों की तादाद में देश प्रदेश के जायरीन पहुंचे।दो दिनों तक चले उर्स में मुरीदों ने अपनी मुरादों की चादरें चढ़ाई। इस मौके पर पूर्व मंत्री रामकिशोर सैनी भी पहुंचे और चादर पेश की इस मौके पर किशनपोल विधायक आमीन कागज़ी,आदर्शनगर विधायक रफ़ीक खान के अलावा चादरें पेश करने नव नियुक्त पार्षद गण,समाज सेवी व कई गणमान्य लोगों की सज्जादा नशीन डॉ सैय्यद हबीबुर्रहमान नियाज़ी ने दस्तर बंदी की। मुरीदों ने अपनी मुरादें पूरी होने पर बच्चों को फलों व मिठाई से तोल

### कांग्रेस ने राज्य निर्वाचन आयुक्त को ज्ञापन सौंपा



**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि हालिया नगर निकाय चुनावों में संभावित हार से बौखलाई भाजपा सरकार ने पूरे प्रशासनिक तंत्र को झोंककर तानाशाही, गुंडागर्दी और पार्षद लूटने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य निर्वाचन आयुक्त से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए साक्ष्यों के साथ विस्तृत ज्ञापन सौंपा। जूली ने कहा कि प्रदेश की जनता ने देखा कि किस प्रकार इस पार्षद लुटेरी सरकार ने चुनाव जीतने के लिए पूरी मशीनरी का दुरुपयोग किया। रिटर्निंग अधिकारियों के जरिए कांग्रेस उम्मीदवारों के फॉर्म और सिंबल निरस्त कराए गए, वहीं ऐन वक्त पर फर्जी नोटिस थमाए गए। हद तो यह हो गई कि पुलिस के साथ-साथ वन, खनन, प्रदूषण नियंत्रण, श्रम, खाद्य सुरक्षा, जीएसटी और यहां तक कि सीएमएचओ तक को विरोधियों की दुकानें सील करने में लगा दिया गया। जूली ने कहा कि यदि निष्पक्ष काम करने वाले ईमानदार अफसरों का उत्पीड़न किया गया और भाजपा के एजेंट बने अधिकारियों को बचाने की कोशिश हुई, तो कांग्रेस पार्टी पूरे राजस्थान में सड़कों से लेकर सदन तक उग्र जन-आंदोलन खड़ा करेगी।

### ''स्वर सरिता भावांजलि विशेषांक'' का लोकार्पण आज

**जयपुर।** राजस्थान की कला, संस्कृति, संगीत और साहित्य को अपना जीवन समर्पित करने वाले के.सी. मालू की स्मृति को समर्पित स्वर सरिता भावांजलि विशेषांक का लोकार्पण समारोह 30 सितंबर को होटल मैरियट, जवाहर सर्किल के पास, टोंक रोड, जयपुर में आयोजित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी करेंगे। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्य वक्ता तथा राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। स्वर सरिता के प्रधान संपादक हेमजीत मालू ने बताया कि भावांजलि विशेषांक में के.सी. मालू के साथ जुडे लोगों के संस्मरण, उनके व्यक्तित्व के विविध आयाम तथा राजस्थान की कला-संस्कृति के प्रति उनके समर्पण को प्रमुखता से स्थान दिया गया है। यह विशेषांक उनके जीवन-संघर्ष, सांस्कृतिक दृष्टि और कलाकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की स्मृति को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा।